हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 नियमों को ताक पर रख चला रहे गुड़ घाने, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बेखबर



05 एसडीएम के आदेश पर किया शासकीय स्कूलों का फॉलोअप निरीक्षण शुरू



स्वच्छता को लेकर नपा अलर्ट मोड में, गंदगी और कचरा फैलाने पर की कार्रवाई

जीआरवी पर 31 हजार, केनरा बैंक और स्मार्ट बाजार पर 10-10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका प्रशासन अब शहर में साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह 'अलर्ट मोड' में आ गया है। गुरुवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने नपा अमले के साथ बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी फैलाने, कचरा सड़कों पर डालने और अतिक्रमण करने वाले बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों और बैंकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 1 लाख 41 हजार 200 रुपए का भारी-भरकम जुर्माना वसूला गया।

17 दुकानों की गई कार्रवाई में प्रमुख रूप से जीआरवी होटल पर 31 हजार, केनरा बैंक पर 10 हजार और स्मार्ट बाजार पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इससे पूर्व इन्हें कई बाजार सफाई सुपरवाइजर द्वारा समझाइश भी दी गई थी। यह कार्रवाई अब नर्मदापुरम प्रतिदिन होगी।

दुकानों के बाहर सड़क और नालियों में कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ गुरुवार को नगर पालिका ने अभियान चलाया।



पहले दी समझाइश

सीएमओ श्री देशमुख द्वारा बताया गया कि सफाई सुपरवाइजर्स द्वारा उक्त लोगों कई समझाइश भी दी गई। लेकिन बार -बार समझाइश देने के बाद भी नहीं मान रहे थे। स्वच्छता निरीक्षक द्वारा कचरा और गंदगी फैलाने के वीडियो साक्ष्य के रूप में एकत्रित किए गए। गुरूवार को 17 दुकानों, प्रतिष्ठानों और होटल पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के नेतृत्व में स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी, राजस्व शाखा से शेख अकबर खान, ब्रजेश सारवान, सुनील अवस्थी, शेख सिकंदर, सतीष रघुवंशी, गौरव वर्मा, गगन सोनी, सतीष यादव आदि उपस्थित थे।

इन पर की गई कार्रवाई



स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि नगर मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री देशमुख द्वारा समूचे बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गंदगी करने, कचरा फैलाने और अतिक्रमण करने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई।

वसूला जुर्माना

1	हंगामा सेल	10,000/-
2	इंदौरी सेल	10,000/-
3	बॉम्बे सेल	10,000/-
4	इमरान अंडा	5,000/-
5	इमारत अंडा वाला	5,000/-
6	रिंकू पान मसाला	5,000/-
7	साहू बाइक	5,000/-
8	झूलेलाल मोबाइल	5,000
9	गुरु कृपा मोबाइल	5,000
10	केनरा बैंक	10,000/-
11	घमंडी लस्सी	10,000/-
12	जीआरवी होटल	31,000/-
13	मैंगो माइंट	10,000/-
14	रिलायंस स्मार्ट	10,000/-

बस स्टैंड के संचालन और ट्रैफिक व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, व्यापारियों ने जताया आभार

ओवरब्रिज पर बसें खड़ी करने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में नए बस स्टैंड के सुचारू संचालन और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि पूरी तरह एक्शन मोड में आ चुके हैं। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नए बस स्टैंड का संयुक्त निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बसों की शिफ्टिंग तक कार्रवाई जारी

निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि जब तक सभी बसें नए बस स्टैंड से संचालित नहीं होने लगतीं, तब तक ट्रैफिक पुलिस की चालानी व दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। शहर में जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए पुराने बस स्टैंड की मुख्य सड़क वाली एंट्री को खंभे गाड़कर बंद किया जा रहा है और केवल पीछे का रास्ता ही आवागमन के लिए चालू रखा जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जो बसें अभी भी नियम विरुद्ध तरीके से ओवरब्रिज के पास खड़ी पाई जाएंगी, उनके खिलाफ पुलिस और ट्रैफिक अमला तत्काल कठोर कार्रवाई करेगा।

ऑटो-टैक्सी के रेट तय

एसडीएम नीलेश शर्मा ने बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों से मनमाना किराया वसूल न हो, इसके लिए ऑटो व अन्य वाहनों के रेट भी निर्धारित किए जा रहे हैं। बसों को केवल निर्धारित स्टॉप पर ही रोकने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

व्यापारियों ने माना आभार

छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड के पुनः सुचारू रूप से शुरू होने पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में हर्ष की लहर है। इससे क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। पुरानी इटारसी के व्यापारियों ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे और एसडीएम नीलेश शर्मा का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगदीश मालवीय, जयकिशोर चौधरी, नीलेश चौधरी, किशन यादव, प्रवीण ठाकुर, हैप्पी सिंह, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, इटारसी मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, राजेश चौहान, अभिषेक कनोजिया, अतुल शुक्ला, सौरभ चौधरी, दीपक वर्मा, विपुल चौधरी, सोहन चौहान, ललित कुमार आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने विभागों की ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराएं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जनपदवार समीक्षा करते हुए समस्त जपं के सीइओ से पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने कहा कि आरईएस की इंजीनियरिंग टीम के साथ समन्वय कर आवास निर्माण की प्रभावी प्लानिंग करें। निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे अपूर्ण आवासों को तेजी से पूरा किया जा सके।

धर्मपुरी महाराज ने अमरकंटक से शुरू की है नर्मदा परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर विश्व की पहली अधोमुखी निरंतर चलने वाली नर्मदा परिक्रमा कर रहे नागा साधु दिगंबर श्री धर्मपुरी जी महाराज नर्मदा परिक्रमा यात्रामाखन नगर शहर से होकर निकल रही है नगर वासियों ने पहली बार ऐसी नर्मदा परिक्रमा देखी महाराज जी का दर्शन किया प्रसाद दिया दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। महाराज जी के साथ चल रहे कोमल सिंह सेमरी हरचंद गोलगांव के एवं नरसिंहपुर के किसानी वार्ड पार्षद बबीता जाट ने बताया महाराज जी यह नर्मदा परिक्रमा कल्याण विश्व शांति और मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए कर रहे हैं महाराज जी ने अक्टूबर 2025 में अमरकंटक से यह नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुरू की है हाथों के बल यात्रा शाम या रात्रि के समय करते हैं साथ में छोटी गाड़ी पर



रन मां बहन है जिसमें सभी सुविधाएं हैं महाराज जी विश्राम करते हैं एक टाइम अपने हाथ का बनाया हुआ भोजन करते हैं नर्मदा परिक्रमा यात्रा का प्रवेश नगर में बुधवार को हुआ जो आगे निरंतर बढ़ते हुए गुरुवार को ग्राम कुठारिया पहुंची जहां से आगे यात्रा जारी है। माखन नगर विश्व की पहली अधोमुखी निरंतर चलने वाली नर्मदा परिक्रमा कर रहे नागा साधु दिगंबर श्री धर्मपुरी जी महाराज नर्मदा परिक्रमा यात्रामाखन नगर शहर से होकर निकल रही है नगर वासियों ने पहली बार ऐसी नर्मदा परिक्रमा देखी महाराज जी का दर्शन किया प्रसाद दिया दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। महाराज जी के साथ चल रहे कोमल सिंह सेमरी हरचंद गोलगांव के एवं नरसिंहपुर के किसानी वार्ड पार्षद बबीता जाट ने बताया कि महाराज जी यह नर्मदा परिक्रमा कल्याण विश्व शांति और मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए कर रहे हैं महाराज जी ने अक्टूबर 2025 में अमरकंटक से यह नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुरू की है हाथों के बाल यात्रा शाम या रात्रि के समय करते हैं साथ में छोटी गाड़ी पर मां बहन है जिसमें सभी सुविधाएं हैं महाराज जी विश्राम करते हैं एक टाइम अपने हाथ का बनाया हुआ भोजन करते हैं नगर के श्रद्धालु बालाजी महिला मंडल दीपक वर्मा अरुण तिवारी नवल माहेश्वरी मुकेश सोनी, हरिओम चौहान आदि ने महाराज जी का स्वागत किया।

अतिक्रमण अमले से गाली गलौज व धमकी देना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका के अतिक्रमण हटाने गए अमले के साथ अभद्रता करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना 21 अक्टूबर 2026, शाम 5 बजे रेस्ट हाउस के सामने, मेन रोड की है। पुलिस ने रात्रि 10 बजे मामला दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी टीम रेस्ट हाउस के सामने मेन रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोपी लिखीराम पटेल ने मौके पर मौजूद नगरपालिका कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की तथा जान से मारने की धमकी दी। सरकारी अमले को अपना कर्तव्य निभाने से रोकने और सार्वजनिक रूप से अभद्रता करने के इस कृत्य को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस घटना के संबंध में थाना इटारसी में अपराध दर्ज किया गया है।

विधायक और नपाध्यक्ष ने संभाली कमान, व्यवस्थित होगा दीवाली पर बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी। रोशनी के पावन पर्व दीपावली को अब कुछ ही दिन बाकी हैं और शहर में इसकी तैयारियां अभी से परवान चढ़ने लगी हैं। त्योहारी सीजन में बाजारों की रौनक, आमजन की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि पूरी तरह एक्शन मोड में आ चुके हैं। हाल ही में स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों की एक हाई-लेवल बैठक हुई, जिसमें शहर के बाजारों और ट्रैफिक सिस्टम को लेकर बड़े और कड़े फैसले लिए गए हैं। आइए जानते हैं इस बार इटारसी में क्या



कुछ नया और खास होने जा रहा है।

इस बार कहां सजेगा कौन सा बाजार?

त्योहारों पर लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और शहरवासियों को खरीदारी का बेहतर अनुभव देने के लिए इस बार बाजारों के स्थान तय कर दिए गए हैं।

फटाका बाजार: इस बार भी लाल ग्राउंड पर सजेगा। साथ ही हर साल की तरह इस बार भी यह पारंपरिक बाजार गांधी ग्राउंड में ही लगेगा।

पत्ते और माला का बाजार: पूजा-सामग्री के इस बाजार के लिए फ्रेंडशिप स्कूल ग्राउंड को मुकर्रर किया गया है।

गन्ना बाजार: ग्यारस के मौके पर लगने वाला गन्ना बाजार हमेशा की तरह लाल ग्राउंड पर ही अपनी रौनक बिखेरेगा।

स्पेशल अपडेट: ट्रैफिक और सुरक्षा के कड़े नियम

फोर व्हीलर वाहनों पर रोक : त्योहार के दिनों में शहर के मुख्य बाजारों में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल टू-व्हीलर का आवागमन रहेगा, और भीड़ बढ़ने पर दोपहिया वाहनों की एंट्री पर भी रोक लगाई जा सकती है।

दुकानदारों से सख्त अपील: प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी दुकानदार सड़क पर टेंट या सामान न फैलाएं, बल्कि अपनी दुकान के अंदर से ही बिक्री करें ताकि रास्ते अवरुद्ध न हों।

बस स्टैंड की व्यवस्था: नया बस स्टैंड पूरी तरह शिफ्ट होने तक ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहकर कार्रवाई करती रहेगी। पुराने बस स्टैंड पर सुरक्षा और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

यातायात और पार्किंग पर रहेगा खास फोकस

शहर के विस्तार के साथ ही बढ़ती ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहरवासियों से अपील की है कि नई व्यवस्थाओं को अपनाने में प्रशासन का सहयोग करें। पुराने बस स्टैंड पर आवाजाही के रास्तों को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि मुख्य सड़क पर जाम का झंझट न रहे। साथ ही, व्यापारियों और उनके स्टाफ से कहा गया है कि वे अपनी गाड़ियां बाजार के बाहर तय पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें, जिससे ग्राहक बिना किसी परेशानी के खुलकर खरीदारी कर सकें। प्रशासन का यह मास्टरप्लान इस बात की गारंटी देता है कि इस बार इटारसी में दीपावली का यह महापर्व बिना किसी जाम की स्थिति न बने।

सीनियर राष्ट्रीय हॉकी में प्रदेश का द्वितीय स्थान इटारसी के सुंदरम और जैद ने किया प्रतिनिधित्व

झांसी में आयोजित प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

झांसी में 10 से 21 अक्टूबर तक आयोजित सीनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में इटारसी के दो प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी सुंदरम सिंह राजावत एवं जैद खान ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर शहर और नर्मदांचल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की



टीम के उपविजेता रहने पर इटारसी के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को शहर के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। नर्मदापुरम हॉकी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोषाध्यक्ष सरवजीत सैनी एवं कोच कन्हैया गुरयानी ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि दोनों खिलाड़ी भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

नपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई समस्याओं का किया समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रति गुरुवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में शहरवासी अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान नागरिकों की समस्यों को गंभीरता से सुना तथा उनका निराकरण कराया। जनसुनवाई के दौरान शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे। जिनमें साफ सफाई, नाली निर्माण कार्य, नया टैक्स प्रारंभ करने संबंधी प्रक्रिया, राशन कार्ड से नाम समर्पण (विलोपन) करने हेतु आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी और आवेदन शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, उपयंत्री आयुषी रिछारिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

देवी प्रतिमा के विसर्जन के साथ आयोजन को दिया विश्राम

अपना उत्सव समिति के आयोजन: आनंद मेले में लगाए 25 स्टॉल, विशाल भंडारे में रही जीरो डिस्पोजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर इटारसी नगर की तीसरी लाइन में अपना उत्सव समिति द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। नगर में अपनी अलग पहचान बना चुकी समिति के इस महोत्सव का समापन माता रानी की प्रतिमा के विसर्जन के साथ हुआ।

महोत्सव के प्रथम दिवस विधि-विधान के साथ माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इसके बाद द्वितीय दिवस से विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें टिकटैकटो, तंबोला, लूडो, यूनिक तंबोला, फैशन शो, नृत्य एवं प्रश्न



मंच जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रविवार को सप्तमी तिथि पर आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें खाद्य पदार्थों एवं हस्तकला से संबंधित 25 स्टॉल लगाए गए। मेले में लोगों ने विभिन्न व्यंजनों और कलात्मक वस्तुओं का आनंद लिया।

महोत्सव के समापन अवसर पर हवन एवं पूर्णाहुति के पश्चात माता रानी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की विशेष बात यह रही कि समिति ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए जीरो डिस्पोजल व्यवस्था अपनाई। श्रद्धालुओं को स्टील की थालियों में प्रसाद परोसा गया। साथ ही समिति के सदस्यों ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा और श्रद्धालुओं को भी कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।

विजयादशमी के दिन माता रानी की प्रतिमा को नर्मदापुरम स्थित सेठानी घाट पर विसर्जित किया गया। इस प्रकार अपना उत्सव समिति का नवरात्रि महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उल्लास और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

बेलर मशीन से किया गया नरवाई प्रबंधन, किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर के निर्देश पर नरवाई का उचित प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील माखननगर के ग्राम बुधवाड़ा में प्रगतिशील किसान सीताराम मीना के खेत में बेलर मशीन से नरवाई प्रबंधन किया गया। वासुदेव ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा बेलर मशीन से लगभग 25 एकड़ धान के फसल अवशेष का प्रबंधन कर बेल बनाकर संरक्षण किया जा रहा है। नरवाई प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने खेत का निरीक्षण कर बेलर मशीन से प्रबंधन प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान किसानों को नरवाई में आग न लगाने और बेलर मशीन सहित अन्य कृषि यंत्रों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया गया।

चिमनियों की ऊंचाई कम, राहगीर धुएं से परेशान

नियमों को ताक पर रख चला रहे गुड़ घाने, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बेखबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल शहर की सीमाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में गुड़ का मौसम आते ही गुड घाने शुरू हो गये है। इन गुड घानों के चालू होते ही इनकी चिमनियां गहरे काले रंग का धुआं उगलने लगी हैं। जिससे वायु प्रदूषण फैल रहा है। वैसे नियमों के अनुसार इन चिमनियों की ऊंचाई 49 फीट होनी चाहिए। लेकिन गुड़ घानों पर चिमनियों की ऊंचाई केवल 9 से 10 फीट ही है। ऐसे में चिमनियों से निकलने वाला धुंआ राहगीरों की आंखों और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। खासबात यह है कि इन गुड घानों के पास सभी प्रकार की अनुमति तक नहीं है। इसके बाद भी गुड मिल बिना रोकटोक संचालित हो रही है। बता दे कि जिले में बड़ी संख्या में गन्ने का उत्पादन होता है। गन्ना किसान अपने गन्ने को शक्कर कारखाना या गुड़ घानों में बेचते हैं। जहां गन्ने से गुड बनाने का काम होता है। इस दौरान घानों से निकलने वाले धुएं से पूरा क्षेत्र में धुंए का घना कोहरा छाया दिखाई पडता है। इन घानों के आसपास रहने वाले लोग धुंए और दुर्गंध से परेशान है। प्रशासन द्वारा भी गुड़ घानों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। गुड़ घानों में धुंए निकलने के लिए बनाई गई चिमनी की ऊंचाई भी कम है, जिसके कारण धुंआ से आसपास प्रदूषण फैला रहा है।

दो साल पहले लिये थे सैंपल, कार्रवाही नहीं

यह जरूर है कि दो साल पहले 15 गुड़ घानों के सैंपल लिए गए थे। उनमें प्रदूषित धुआं पाया गया था। उसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अब तक दोबारा यहां झांकने की सुध नहीं ली है। जबकि कोसमी से लेकर मिलानपुर तक सैकड़ों गुड़ घानों की चिमनियां धुआं उगल रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कार्यालय भी बैतूल में नहीं है। जब कोई शिकायत होती है। कोर्ट का आदेश होता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश होता है। तब सख्ती होती है। तब टीमें उपकरण लेकर आती हैं। इधर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग, राजस्व विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

लेबर कानून का होता है खुला उल्लंघन

इन उद्योगों में काम करने वाले लेबरों का फैक्ट्री संचालक के साथ न तो कोई एग्रीमेंट होता है ना ही किसी भी प्रकार का लेबर एक्ट के तहत बीमा कराया जाता है। अधिकांश लेबर जिले के बाहर या स्थानीय होते है। जिनसे 24-24 घंटे काम कराया जाता है। बाहरी मजदूरों का फैक्ट्री संचालक रिकार्ड थाने में जमा नहीं करते हैं। गुड़ उद्योग संचालक अधिक लाभ कमाने की फिराक में नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। इसके चलते गुड़ उद्योग संचालक तो मालामाल हो रहा है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पता।

सडक़ और खेतों में सुखा रहे बगास

कोसमी, बडोरा, बैतूल बाजार, सोहागपुर, मिलानपुर, परतापुर के आसपास 12 से ज्यादा गुड़ घाने संचालित है। इन गुड़ मिल संचालकों द्वारा सडक किनारे या खेतों में ही बगास को सूखाने के लिए फैला रखा है। इससे सडक़ पूरी तरह सीमट कर रह गया है। वाहनों के आवागमन के लिए कुछ फिट जगह बच पाती है। जो वाहन चालकों को हादसे का सबब बन सकती है। सडक़ और सडक़ किनारे फैले बगास में फिसलन होने के कारण जरा सा भी चूक हुई तो वाहन सीधे गिरेगा और अंजाम कुछ भी हो सकता है। दूसरी तरफ बगास के सडन से उठने वाले बदबू से राहगीर सहित आसपास के खेत में काम करने वाले किसान परेशान हैं।

धुआं में तब्दील हो जाता है गांव

आबादी के पास ही कई गुड़ मिल संचालित हो रही है, जिसकी चिमनी काफी छोटा व ऊंचाई कम है, जिससे चौबीस घंटे काला धुंआ निकलते रहता है। कभी-कभी धुंआ इतनी तेज निकलता है, कि कोहरा सा छा जाता है। इससे लोगों को घुटन महसुस होने लगता है। चिमनी से लगातार निकलने वाले धूंआ से पर्यावरण दूषित हो रहा है। जब हवा चलती है, तो आसपास के घरों में काला धुंआ पहुंच जाता है। जिससे लोग परेशान हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि हर साल गुड़ मिल संचालक उनका गन्ना खरीदकर बिना पैसे चुकाये भाग जाते है। अन्य प्रांतों से आने वाले गुड मिल संचालकों का थाने में वैरीफिकेशन तक नहीं रहता है। जिससे बड़ी घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

ऐसे होती है प्रदूषण की जांच

गुड़ घानों से निकलने वाले धुएं के प्रदूषण की जांच के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग के केमिस्ट और अन्य कर्मचारियों की टीम आती है। टीम गुड़ घानों पर पीएम-10 और पीएम 2.5 के उपकरण लगाती है। इन उपकरणों से गुड़ घानों के आसपास के धुएं और हवा के सैंपल लिए जाते हैं। सैंपल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की केंद्रीय प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। वहां जांच की जाती है। रिपोर्ट निगेटिव आती है तो इन गुड़ घानों के संचालकों पर प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है। वैसे नियम के अनुसार गुड़ घानों की चिमनी 49 फीट की होनी चाहिए। चिमनी की ऊंचाई कम होने से धुआं नीचे ही रह जाता है। इससे लोग और वाहन चालक इसके संपर्क में आते हैं। धुआं पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

कार्रवाई की जाती है

गुड घाने वालों को विभाग से घाना चलाने से पहले लायसेंस लेना होता है। जिसमे समस्त दिशानिर्देशो का उल्लेख होता है, इसके अलावा समय-समय पर खाद्य, श्रम एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच कर गुड के सेम्पल लिए जाते है, जिसकी जांच प्रयोगशाला में करवाई जाती है। यदि उसमें केमिकल्स मिला होता है तो गुड घानों को सील कर दिया जाता है तथा उन पर जुर्माना भी लगाया जाता है। पिछले वर्ष दो घानों के खिलाफ कार्रवाही की गई थी। चिमनी की ऊंचाई एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी लेना होता है। अगर श्रम कानून का उल्लंघन होता है तो श्रम विभाग द्वारा कार्रवाही की जाती है। दीपावली के बाद कलेक्टर सर के निर्देश पर गुड घानों की जांच संयुक्त दल द्वारा की जायेगी।

संदीप पाटिल, खाद्य अधिकारी, बैतूल

जिले ने 98.34 अंक हासिल किए

सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में नंबर-1 बैतूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



नगरीय निकायों के कामकाज और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की सितंबर 2026 की जिला-वार ग्रेडिंग में बैतूल ने मध्यप्रदेश में फिर पहला स्थान हासिल किया है। जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल ने 100 में से 98.34 अंक प्राप्त कर प्रदेश में शीर्ष स्थान बनाया। कलेक्टर सौरभ संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में मिली इस उपलब्धि में शिकायतों की नियमित निगरानी और समय पर निराकरण को प्रमुख आधार बताया गया है। 21 अक्टूबर 2026 को जारी विभागीय ग्रेडिंग में बैतूल 98.34 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा। जबलपुर दूसरे और श्योपुर तीसरे स्थान पर रहे। यह रैंकिंग नगरीय निकायों के कामकाज और सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के निराकरण के आधार पर तय की गई है। परियोजना अधिकारी नवनीत पाण्डेय के अनुसार, सितंबर में जिले को कुल 361 शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्रेडिंग माह और 50 दिन से अधिक अवधि की श्रेणी में निराकरण के लिए केवल 6 शिकायतें शेष रहीं। शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के साथ बंद की गई शिकायतों के मूल्यांकन में जिले को 58.34 अंक मिले। वहीं, अन्य निर्धारित मानकों में पूरे अंक प्राप्त हुए। इससे जिले का कुल वेटेज स्कोर 98.34 रहा।

पांच नगरीय निकायों को मिले 100 में से 100 अंक

जिले के स्थानीय निकायों के प्रदर्शन में भी बेहतर अंक दर्ज किए गए। उपलब्ध क्षेत्रवार ग्रेडिंग के अनुसार आमला, चिचोली, भैंसदेही, मुलताई और घोड़ाडोंगरी ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। वहीं, बैतूल नगर पालिका को 99.67, शाहपुर को 97.14 और सारनी को 95.38 अंक मिले। यह प्रदर्शन जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में शिकायतों के निराकरण और उनकी निगरानी की व्यवस्था को दर्शाता है।

लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा

परियोजना अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि नगरीय निकायों में शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा, संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच समन्वय और शिकायतों की लगातार निगरानी से यह परिणाम हासिल हुआ। जिला प्रशासन ने उपलब्धि में योगदान देने वाले नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की है। साथ ही, शेष लंबित शिकायतों के निराकरण और शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

धुनुची नृत्य में महिलाओं के साथ लिया भाग

विधायक ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर मां दुर्गा के किए दर्शन



शाहपुर। घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने पुनर्वास क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर मां दुर्गा देवी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और विकास की कामना की। इस दौरान विधायक ग्राम हीरापुर आमडोह, झोली नंबर दो, चोपना नंबर दो एवं चोपना नंबर एक पहुंचीं, जहां उन्होंने दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाई। दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान शाम को आयोजित धुनुची आरती में विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने महिलाओं के साथ धुनुची नृत्य कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। उनकी इस सहभागिता से पूजा पंडालों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं पूजा समितियों ने विधायक की उपस्थिति का स्वागत किया।

तीन ग्रामों को भवन निर्माण की सौगात

धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और अधिक भव्य, प्रभावी तथा सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से विधायक ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्राम आमडोह में सांस्कृतिक भवन, ग्राम झोली में सामुदायिक भवन तथा चोपना नंबर दो में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए विशेष स्वीकृति प्रदान की। इन भवनों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। साथ ही, स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। विधायक की इस पहल को पुनर्वास क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। धार्मिक आस्था के साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की इस पहल से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।

मुलताई के मोहित श्रीवास्तव का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से मुलताई निवासी मोहित श्रीवास्तव का असिस्टेंट प्रोफेसर (गणित) के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, परिचितों और शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। मोहित श्रीवास्तव वर्तमान में मुलताई के संदीपनी विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अब असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन होने से उन्होंने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मोहित श्रीवास्तव के पिता मनोज श्रीवास्तव एवं माता ज्योत्सना श्रीवास्तव मुलताई निवासी हैं। दोनों ही शिक्षा विभाग में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े परिवार में मोहित की इस सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

संदीपनी विद्यालय के तीन शिक्षकों का चयन,प्राचार्य ने जताई खुशी

संदीपनी विद्यालय, मुलताई के प्राचार्य संदीप गणेशे ने बताया कि विद्यालय के लिए यह अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि इस वर्ष विद्यालय में कार्यरत तीन शिक्षकों का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि मोहित श्रीवास्तव का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर (गणित) के पद पर हुआ है। वहीं, रेणुका सिंह, जो विद्यालय में माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत थीं, का भी चयन हुआ है। इसके अलावा कृति सलामे का चयन हुआ है वह संदापनी विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ थी। प्राचार्य के अनुसार, कृति सलामे की जॉइनिंग लगभग एक माह पहले ही हो चुकी है, जबकि मोहित श्रीवास्तव और रेणुका सिंह के जॉइनिंग लेटर आने शेष हैं।

शिक्षकों ने दी बधाई और शुभकामनाएं

विद्यालय के तीन शिक्षकों का चयन होना संदीपनी विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे विद्यालय परिवार में खुशी का वातावरण है। प्राचार्य संदीप गणेशे सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया में सफल हुए शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए प्रतियोगी चयन प्रक्रिया में सफलता हासिल करना अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायक है। मोहित श्रीवास्तव के असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन से मुलताई का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

स्वीकृत वन अधिकार पट्टों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने के दिए निर्देश

कोई भी पात्र व्यक्ति वन अधिकार पट्टे के लाभ से वंचित न हो, यह उनका अधिकार: कलेक्टर

सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का उद्देश्य वन संसाधनों के उपयोग के साथ उनका स्थायी विकास एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है। जिले में इसे आजीविका सृजन के साथ वन संरक्षण एवं पुनरुद्धार का मॉडल बनाया जाए।

यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में सभी एसडीएम, एसडीओ फॉरेस्ट एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, वन मंडल अधिकारी लक्ष्मीकांत वासनिक, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वत्सला शिवहरे, रेंज ऑफिसर रविन्द्र पाटीदार सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। सभी एसडीएम, एसडीओ फॉरेस्ट एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुरुवा के ग्राम गुरुवा एवं ग्राम पंचायत चिचली के बालू के सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि दक्षिण, उत्तर एवं पश्चिम वन मंडल के शेष सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों का भी आगामी सप्ताह आयोजित होने वाली बैठक में अनुमोदन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दावों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वन अधिकारों के उद्देश्य के अनुरूप उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। उन्होंने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावों के निराकरण में संतोषजनक प्रगति नहीं लाने पर एसडीएम भैंसदेही श्री अजीत मरावी और एसडीओ फॉरेस्ट साउथ देवानन्द पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि प्रगति नहीं लाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

पारदर्शिता सुनिश्चित करे

अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने भी वन अधिकार दावों के समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। कलेक्टर ने एसडीएम भैंसदेही, एसडीएम शाहपुर एवं संबंधित एसडीओ फॉरेस्ट को विशेष ध्यान देते हुए वन अधिकार संसाधन दावों का जिला स्तरीय समिति से शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि वन अधिकार दावों के निराकरण की प्रक्रिया में ग्राम समिति, उपखंड समिति एवं जिला स्तरीय समिति तक अनुमोदन की प्रक्रिया का गंभीरता से पालन किया जाए। सभी अनुमोदन एवं कमियों से संबंधित विषयों को कार्यवाही विवरण में दर्ज किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

पात्र व्यक्तियों तक सरल और सुगम रूप से पहुंचाएं वन अधिकार का लाभ

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार दावों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति वन अधिकार पट्टे के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पात्र व्यक्तियों का अधिकार है। सभी एसडीएम, एसडीओ फॉरेस्ट एवं संबंधित अधिकारी पात्र व्यक्तियों तक सरल एवं सुगम रूप से वन अधिकार का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।उन्होंने अमान्य दावों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण करने तथा पात्र दावों का पुनः परीक्षण कर उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति द्वारा 100 वन अधिकार दावों का निराकरण किया गया तथा शेष दावों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्वीकृत वन अधिकार पट्टों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने की कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम भैंसदेही एवं शाहपुर को स्वीकृत वन अधिकार पट्टों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

गन लाइसेंस जांच के लिए 1500 शुल्क का प्रस्ताव भी रखा गया

एपीएल मरीजों को आईसीयू में रोज देने होंगे 500 रुपए!



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला अस्पताल बैतूल में एपीएल श्रेणी के मरीजों का आईसीयू में इलाज निःशुल्क होता था। लेकिन आगामी समय मरीजों को प्रतिदिन 500 रुपए शुल्क देना पड़ सकता है। दरअसल गुरूवार को जिला चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे पास कर दिया जाएगा। इससे पहले रोगी कल्याण समिति की आम सभा में भी एपीएल श्रेणी के मरीजों से आईसीयू में भर्ती रहने के दौरान शुल्क लेने का प्रस्ताव रखा गया था। अब कार्यकारिणी की बैठक में इस विषय पर आगे की प्रक्रिया बढ़ाई गई है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने और लागू होने के बाद एपीएल श्रेणी के मरीजों को आईसीयू में भर्ती रहने पर प्रतिदिन 500 रुपए देने होंगे।

इसके अलावा गन लाइसेंस यानी हथियार का लाइसेंस बनवाने के लिए जिला अस्पताल में कराई जाने वाली मेडिकल जांच के लिए 1,500 रुपए शुल्क निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया। इन प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए भेजने की बात कही गई। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समिति के लिए सहयोग राशि जुटाने विशेष डोनेशन ड्राइव चलाने को कहा। विकासखंडों से जिला अस्पताल रेफर किए जाने वाले गंभीर मरीजों की स्थिति और उपचार का रिकॉर्ड नहीं मिलने पर संबंधित डॉक्टरों एवं नर्सों के वेतन में कटौती के निर्देश भी दिए। अस्पताल में शवों को सुरक्षित रखने के लिए मर्चुरी फ्रीजर खरीदने का प्रस्ताव तैयार करने, मरीजों के परिजनों और एंबुलेंस के लिए शेड बनाने, सेंट्रलाइज्ड आरओ सिस्टम स्थापित करने तथा एक्स-रे मशीन की व्यवस्था के लिए कार्रवाई करने को कहा गया। अस्पताल परिसर में सुलभ शौचालय निर्माण के लिए नगर पालिका को निर्देश देने के साथ विद्युत, जलापूर्ति और वेस्ट वाटर निकासी की व्यवस्था सुधारने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ. रानू वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमएचओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश



शाहपुर। सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया तथा अपने कर्तव्य स्थल पर समय-सीमा में उपस्थित न मिलने वाले अधिकारी/कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित दर्ज की गई। अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों में 02 आर.बी.एस.के. चिकित्सक, 01 लैब टेक्नीशियन, 01 फॉर्मासिस्ट, 02 ए.एन.एम., 01 पोषण प्रशिक्षक एवं अन्य 03 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि अपने कर्तव्य स्थल पर समय सीमा में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये 01 दिवस का वेतन काटा जावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बैतूल डॉ. संजीव शर्मा के निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर के प्रभारी बी.एम.ओ. एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. रघुवंशी, चिकित्सा अधिकरी डॉ. यश अहिरवार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पलास कापसे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. महिमा सिंग, बी.सी.एम. क्रांति यादव एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

आठनेर में जन संवाद शिविर आज 23 अक्टूबर को

बैतूल। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत 23 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत सभा कक्ष आठनेर में जन संवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कैप्टन (नौसेना) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा शिविर में भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई की लंबित शिकायतों, पेंशन एवं अनुदान सेवा, पारिवारिक, विकलांगता, संबल, शिक्षा, विवाह एवं चिकित्सा सहायता, भूमि संबंधी प्रकरण नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा बिजली, पानी, सडक़ सहित अन्य स्थानीय जनसमस्याएं सुनीं जाएगी। उन्होंने सभी से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

खबर संक्षेप

पंजीयन में तेजी लाएं लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य : बालागुरू के.

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए पटवारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पचामा, ग्राम सारंगाखेड़ी, ग्राम तकीपुर सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होने से संबंधित स्वामित्वधारियों के विभिन्न उपयोगों के लिए लाभ मिलेगा। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीयन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीयन कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी कठिनाई सामने आती है, तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो, तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं।

एसडीएम सहित अधिकारी कर रहे शासकीय स्कूलों का सेकंड राउंड का निरीक्षण

एसडीएम के आदेश पर किया शासकीय स्कूलों का फॉलोअप निरीक्षण शुरू

अक्टूबर माह अंतिम 10 दिनों में फॉलोअप अराउंड अर्थात द्वितीय चरण का निरीक्षण प्रारंभ हुआ है। जिसमें एसडीएम डॉक्टर राठौर सहित समस्त विभाग प्रमुख स्कूलों का भ्रमण कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने वर्तमान माह के प्रथम पखवाड़े में ब्लॉक के सभी विभाग प्रमुखों को शासकीय स्कूल निरीक्षण के लिए आवंटित किए थे। ताकि स्कूलों की व्यवस्था में सुधार हो सके। प्रथम चरण के बाद अब अधिकारियों द्वारा फॉलोअप निरीक्षण शुरू किया गया है।

पूछताछ में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि उन्होंने ब्लॉक के सभी विभाग प्रमुखों को शासकीय स्कूल आवंटित किए थे। तथा निर्देश दिए थे कि सभी को समस्त आवंटित स्कूलों का निरीक्षण करना है तथा वहां विद्यार्थियों के अनुकूल व्यवस्थाओं को देखना है। यदि किसी व्यवस्था में कोई कमी पाई जाती है तो उसके बारे में जानकारी देनी है।

साथ ही जो भी सुधार स्कूल प्रबंधन के द्वारा स्कूल स्तर पर ही तत्काल किए जा सकते हैं, उनके निर्देश प्रबंधनों, प्रधान पाठकों को देने के आदेश एसडीएम ने निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद अब अक्टूबर माह अंतिम 10 दिनों में फॉलोअप अराउंड अर्थात द्वितीय चरण का निरीक्षण प्रारंभ हुआ है। जिसमें एसडीएम डॉक्टर राठौर सहित समस्त विभाग प्रमुख स्कूलों का भ्रमण कर रहे हैं तथा प्रथम चरण के निरीक्षण बाद स्कूलों में कुछ सुधार हुआ अथवा नहीं इसका अवलोकन कर रहे हैं।

बनाकर दिया फॉर्मेट

शासकीय विभाग प्रमुखों ने बताया कि एसडीएम के द्वारा स्कूलों के निरीक्षण दौरान एक तय फार्मेट अर्थात प्रपत्र दिया गया है। प्रपत्र में स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी अधिकारियों को निरीक्षण के उपरांत दर्ज करनी है। इन सुविधाओं में विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी व्यवस्था, पेयजल तथ्य शौचालय व्यवस्था, भोजन, साफ-सफाई तथा अन्य बिंदु शामिल किए गए थे। जिन स्कूलों में कोई व्यवस्था सुधारी नहीं जाती है तो उनके प्रबंधनों पर कार्रवाई भी की जाएगी। लेकिन कार्रवाई में यह ध्यान रखा जाएगा कि विद्यार्थियों के अनुकूल व्यवस्था बनाने में प्रबंधन सक्षम था अथवा नहीं।

पुनः कर रहे निरीक्षण

"शासकीय स्कूलों में व्यवस्था सुधार के लिए विभाग प्रमुखों को स्कूल आवंटित किए गए थे। द्वितीय चक्र में निरीक्षण शुरू किया गया है। व्यवस्था सुधार के प्रयास जारी हैं।"-
डॉ. बबीता राठौर, एसडीएम सोहागपुर।

माखन नगर में बीएसएनएल नेटवर्क की बदहाल व्यवस्था

बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बीएसएनएल की नेटवर्क सेवा से उपभोक्ता परेशान हैं। मोबाइल नेटवर्क की समस्या के कारण लोगों को संचार सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बीएसएनएल की सेवाओं में सुधार नहीं होने से उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, क्षेत्र में स्थापित टावर से भी सभी लोगों को सुचारु नेटवर्क सुविधा नहीं मिल पा रही है। उनका दावा है कि लगभग 25 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही नेटवर्क का लाभ मिल पा रहा है, जबकि शेष 75 प्रतिशत उपभोक्ता बेहतर सेवा से वंचित हैं।

इस समस्या को लेकर दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कई बार ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन उपभोक्ताओं के अनुसार अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। नेटवर्क की समस्या के चलते लोगों को फोन पर बातचीत करने तथा अन्य आवश्यक संचार सेवाओं का उपयोग करने में परेशानी हो रही है।

उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि माखन नगर क्षेत्र में नेटवर्क व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक सुधार किए जाएं, ताकि सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं बेहतर सेवा मिल सके। साथ ही, विभाग को इस समस्या का शीघ्र निराकरण कर उपभोक्ताओं का विश्वास बहाल करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की टॉप 2 प्रति. वैज्ञानिकों की सूची में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पांच फैकल्टी सदस्य शामिल

सीहोर। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 'टॉप 2% वैज्ञानिकों' की सूची में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पांच फैकल्टी सदस्य शामिल हुए हैं। यह उपलब्धि इन पांच फैकल्टी सदस्यों के अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए शोध योगदान और शैक्षणिक उपलब्धियों को दर्शाती है।इन फैकल्टी सदस्यों में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. टी. बी. श्रीधरन; सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोग्राम चेयर डॉ. रजित नायर , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ सिंह चौहान , असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशफाक अहमद नजर और सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पी. नरेंद्र बाबू शामिल हैं।

समय पर सफाई और गहरीकरण न होने से टेल एंड तक पानी पहुंचने पर संशय, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पिपरिया उपसंभाग अंतर्गत माछा वितरण नहर कार्यालय के अधीन आने वाली अधिकांश छोटी-बड़ी नहरें इन दिनों विभाग की अनदेखी और बदहाली का शिकार हैं। आगामी नवंबर माह में रबी फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़े जाने की योजना है, लेकिन धरातल पर सफाई व्यवस्था का हाल देखकर किसानों की चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। समय पर गहरीकरण और गाद-कचरा न हटाए जाने से पानी के बहाव की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

क्षेत्रीय किसानों और सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नहरों की जमीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है। कल्लू खापा की नहर में केवल आधी सफाई की गई है, जबकि आधा हिस्सा घनी घास और झाड़ियों से पटा पड़ा है।सफाई कार्य शुरू ही नहीं: खैरीकला और डोंडिया खेड़ा के बीच सफाई का काम अब तक प्रारंभ ही नहीं हो सका है।

गाड़ाघाट, खापरखेड़ा, सांडिया, पचलावरा, धनाश्री, शंखनी, पड़िहार और पिपरिया क्षेत्र की नहरों में समय रहते सफाई न होने से 'टेल एंड' (अंतिम छोर) के किसानों तक पानी पहुंचना बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। अतिक्रमण और कचराः सफाई के नाम पर निकाले गए कचरे को नहरों के किनारों से उठाया नहीं गया है। इसके अलावा नहरों के दोनों ओर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। अजय सिंह, अनुविभागीय अधिकारी, नहर विभाग का कहना है कि नहरों की साफ-सफाई के लिए कर्मचारी और मजदूर लगाए गए हैं। उपयंत्री की ड्यूटी मौके पर लगाई गई है। यदि कहीं भी सफाई में लापरवाही या घटिया काम की शिकायत मिलती है, तो मैं स्वयं मौका निरीक्षण कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करूंगा।

तैयारी शुरू, अब चार दिन होंगे लगातार सांस्कृतिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

आगामी तीन-चार दिनों तक लगातार शहर में लगातार धार्मिक तथा सांस्कृतिक आयोजन होंगे। जिसमें कवि सम्मेलन से लेकर भजन संध्या एवं लोकगीत के कार्यक्रम सम्मिलित हैं। सभी कार्यक्रमों में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्थित रहे तथा नागरिकों को असुविधा ना हो, इसके लिए पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर प्रधान आरक्षकों व आरक्षकों द्वारा सतत आयोजन स्थलों की निगरानी व निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। एएसआई गणेश राय ने बताया कि पुलिस के द्वारा कार्यक्रमों में कानून व्यवस्था सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाएगी।

सभी कार्यक्रमों के स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है। तथा आवाजाही बाधित ना हो एवं यातायात सुचारू रूप से चलता रहे, इसका ध्यान रखकर तैयारी का आग्रह आयोजकों से किया जा रहा है।

वित्तीय समावेशन समतृप्ति साक्षरता कैंप का आयोजन किया, दी गई कई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



गुरुवार को आरबीआई के तत्वावधान आरोह फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम आंखमऊ में वित्तीय साक्षरता का कैंप आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य मैडम सुश्री पूर्वी श्रीवास्तव चंद्रमोहन कुमार , दीपक माधवानी, भुपेन्द्र यादव, आरोह फाउंडेशन से हर्ष तिवारी एवं ग्राम के खाता धारकों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम आतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड से बचाव एवं अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा , सुकन्या समृद्धि योजना, केसीसी अकाउंट, री केवाईसी प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा, के बारे में बताया गया कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी ने कियआमें वित्तीय समावेशन समतृप्ति साक्षरता कैंप आयोजित किया गया। आरबीआई के तत्वावधान आरोह फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम आंखमऊ में वित्तीय साक्षरता का कैंप आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य मैडम सुश्री पूर्वी श्रीवास्तव चंद्रमोहन कुमार , दीपक माधवानी, भुपेन्द्र यादव,आरोह फाउंडेशन से हर्ष तिवारी एवं ग्राम के खाता धारकों ने भाग लिया सर्वप्रथम आतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में साइबर फ्रॉड से बचाव एवं अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा , सुकन्या समृद्धि योजना, केसीसी अकाउंट, री केवाईसी प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा, के बारे में बताया गया कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी ने किया।

तरौनकला में 25 लाख का सामुदायिक भवन अधूरा, घटिया निर्माण के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत पिपरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौनकला में शासकीय धन के कथित दुरुपयोग और निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी की अनुसंशा पर जनहित के लिए स्वीकृत लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि आधी से अधिक राशि का आहरण कर लिए जाने के बाद भी मौके पर कोई संतोषजनक काम नहीं हुआ है।

घटिया सामग्री का हो रहा है उपयोग

जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन भवन की वर्तमान स्थिति बेहद दयनीय है। कुल दो कमरों में सेंट्रिंग लगाई गई है, जबकि मुख्य हॉल के नाम पर केवल पिलर के गड्ढे खोदे गए हैं, जिनकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। उपयंत्री के अनुसार, निर्माण कार्य में स्वीकृत एस्टीमेट (प्राकलन) के आधार पर लोहे/छड़ का प्रयोग नहीं किया जा रहा है और अत्यंत कमजोर व घटिया सामग्री लगाई जा रही है।

शासकीय संपत्ति नदारद

पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन में पानी का टैंकर सहित अन्य शासकीय सामग्रियां मौजूद नहीं हैं। गांव में स्वच्छता व्यवस्था के लिए ई-ऑटो रिक्शा क्रय किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने आज तक गांव में ऑटो रिक्शा देखा ही नहीं है। आरोप है कि एक तरफ पंचायत के विकास कार्य और सफाई व्यवस्था ठप है, वहीं दूसरी तरफ गांव में जनप्रतिनिधियों के निजी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

प्रभार के भरोसे पंचायत

ग्राम पंचायत तरौनकला में नियमित सचिव और रोजगार सहायक पदस्थ न होने से प्रशासनिक नियंत्रण पूरी तरह से चरमरा गया है। अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे सचिव प्रेमनारायण सराठे और रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी ने बताया कि निर्माण कार्य सरपंच द्वारा बंद कराया गया है। इस संबंध में जब सरपंच रुक्मणी बाई से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सर्वर न चलने के कारण राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा था, जबकि मजदूरों को तत्काल भुगतान करना होता है, इसलिए केवल एक दिन के लिए काम बंद किया गया है। वहीं, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिपरिया, श्री राम सोनी ने बताया कि उनके पास जनपद का अतिरिक्त प्रभार है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

निष्पक्ष जांच की मांग

ग्राम पंचायत तरौनकला के निवासियों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच, निकाली गई राशि का भौतिक सत्यापन और गायब शासकीय संपत्ति की खोजबीन कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन और शिकायत हेतु जिला मुख्यालय का रुख करेंगे।

अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व:जसपाल सिंह अरोरा



सीहोर। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व शहर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में बाल विहार मैदान पर भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। यहां 71 फीट से अधिक ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम के अग्निबाण ने रावण के पुतले को भेदा, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। देखते ही देखते रावण और मेघनाद के पुतले आग की लपटों में घिरकर धराशायी हो गए। इस दौरान आसमान में हुई सतरंगी आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आशीर्वाददाता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समिति के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और समिति अध्यक्ष आशीष गहलोत सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

हनुमान मंदिर से निकली भगवान श्रीराम की भव्य बारात :छावनी दशहर उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बाल विहार मैदान में भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। उत्सव की शुरुआत शहर के नमक चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकालकर की गई। राम बारात शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बाल विहार मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे रावण दहन किया गया। इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई बढ़ाई गई थी और आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था की गई थी। आतिशबाजों ने आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन किया। रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मैदान में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शहरवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बाल विहार मैदान में प्रतिवर्ष भव्य दशहरा उत्सव आयोजित करने के लिए छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में उत्साह, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं।

समिति पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ आयोजन

छावनी दशहरा उत्सव समिति के आयोजन में चल समारोह अध्यक्ष संतोष राठौर, कार्यक्रम संयोजक विनित गोयल और कोषाध्यक्ष विशाल सेन सहित अन्य सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। राम बारात, रावण दहन, भगवान श्रीराम का राजतिलक और रंगारंग आतिशबाजी उत्सव के प्रमुख आकर्षण रहे। समिति के सदस्यों और सहयोगियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई। भव्य दशहरा उत्सव ने शहरवासियों को धर्म की विजय, सत्य की शक्ति और बुराई के अंत का संदेश दिया।

विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता : प्रिंस राठौर

50 लाख रु. के सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन, नागरिकों को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के मंडी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में कुल 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दोनों वार्डों में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से बेहतर सड़क की आवश्यकता महसूस कर रहे रहवासियों को राहत मिलेगी।

वार्ड 22 में 30 लाख की लागत से होगा सीसी रोड निर्माण-वार्ड क्रमांक 22 की इंदिरा कॉलोनी में 30 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण मुकेश कौर के घर से रामनारायण के घर, तिवारी जी के घर, विशाल राठौर के घर होते हुए राकेश के घर से सेलू के घर तक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुकेश के घर से धर्मेंद्र के घर तक भी सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। सड़क निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 23 में 20 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। यह सड़क संजय किरण योगी जी की दुकान से अशोक भाई के घर तक बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर सड़क, पानी, प्रकाश एवं स्वच्छता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शहर के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। नागरिकों की आवश्यकताओं और क्षेत्र की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जा रहा है। मंडी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 में 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और नागरिकों की सुविधा में भी वृद्धि करती हैं। हमारा प्रयास है कि स्वीकृत निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूरे हों, ताकि जनता को इनका लाभ मिल सके।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री जन-विश्वास, रहटगांव में लगेगा शिविर

रहटगांव। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में प्रत्येक शुक्रवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण कर रहे हैं। साथ ही विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं, लोक सेवा गारंटी से संबंधित सेवाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को रहटगांव में शिविर आयोजित होगा, जिसमें रहटगांव, झाड़बिड़ा, पांढरमाटी, फूलड़ी, गाड़ामोड़खुर्द, छिदगांव तमोली, नजरपुरा, छिरपुरा, आमसागर, बोथी, कासरनी, खमगांव व बड़वानी के ग्रामीण शामिल होंगे। इस शिविर में उद्यम संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

अवैध मदिरा के 9 प्रकरण दर्ज किए

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम कायागांव, हरदा के खेड़ीपुरा मोहल्ला एवं नर्मदा के तटीय क्षेत्र ग्राम नयापुरा, सिंगोन, मेदा व आसपास के संवेदनशील क्षेत्र, ग्राम पचौला व अजनास में दबिश दी। दबिश के दौरान 24 पाव देशी मदिरा प्लेन, 22 लीटर महुआ शराब, 910 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर नदी किनारे झाड़ियों व नालों में छीपाकर रखा गया महुआ लाहन मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 97224 रूपये है।

4 दिन से बेमौसम बारिश

सीहोर। जिले में मानसून की विदाई के बाद भी बारिश का दौर जारी है। पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। इस सीजन में अब तक 40.75 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि 44 दिन बारिश वाले रहे। बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी सोयाबीन और अन्य पकी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले चार दिनों में दो दिन सीहोर शहर और आसपास के नगरीय क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में गिरावट से ठंडक महसूस होने लगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार फुहारें और हल्की बारिश हो रही है। मौसम में बदलाव के पीछे सक्रिय वेदर सिस्टम और चक्रवात का असर बताया जा रहा है। हवा का रुख बदलने और दक्षिण-पूर्वी हवा के सक्रिय होने से वातावरण में नमी बढ़ी है। प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने और गरज-चमक के साथ बारिश होने का दौर जारी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, सीहोर और आसपास कुछ दिनों तक बादल और बारिश का असर बना रह सकता है।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट की शाखाओं का किया निरीक्षण

सफाई, अभिलेख, व्यवस्थाएं देखी- नाजिर व नकल शाखा प्रभारी को नोटिस थमाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर कुमार सत्यम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अव्यवस्थाएं पाए जाने पर नाजिर शाखा के प्रभारी तथा नकल शाखा से संबंधित प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र, अपर कलेक्टर कार्यालय, लोक सेवा केंद्र, भू-अभिलेख, आदिम जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, जनगणना, नागरिक आपूर्ति, आबकारी, जिला शिक्षा केंद्र, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, निर्वाचन शाखा, जिला कोषालय, उप पंजीयक कार्यालय, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलने पर नाजिर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, नकल शाखा में फोटोकॉपी मशीन उपलब्ध नहीं होने और अभिलेखों की फोटोकॉपी बाहर की दुकानों से कराए जाने की जानकारी मिलने पर संबंधित प्रभारी अधिकारी को भी नोटिस जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कार्यों में पारदर्शिता एवं सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रखने तथा उप पंजीयक कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से दर्ज कराने, अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण करने तथा कार्यस्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर सत्यम ने स्पष्ट किया कि कार्यालयीन व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यस्थलों पर साफ-सफाई, अभिलेखों के उचित रखरखाव और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

दीपावली को लेकर सतर्कता

खिरकिया में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए



कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट की पहचान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

पूर्व में मारुति डेयरी हंडिया से लिया गया दूध का नमूना अवमानक पाए जाने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

आगामी दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरूवार को खिरकिया में सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने खिरकिया के निलेश किराना स्टोर, सत्कार उपहार गृह, वंदना उपहार गृह, श्री नूतन वेंचर, राजस्थान स्वीट्स, श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार, विज्ञांश चाट भंडार एवं श्री सांवरिया रेस्टोरेंट सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाई, दूध, दही, मावा, गुड़, शक्कर, समोसा, कचोरी, जलेबी आदि खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जांच की तथा उपस्थित कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट की पहचान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निलेश किराना से घी एवं सोयाबीन तेल, सत्कार उपहार गृह से मावा पेड़ा, गुपचुप, लड्डू, समोसा तथा वंदना रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स से मावा बर्फी, बेसन लड्डू, बूंदी लड्डू आदि के नमूने लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कांबले ने बताया कि पूर्व में मारुति डेयरी हंडिया से लिया गया दूध का नमूना अवमानक पाए जाने पर प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। त्योहारी सीजन में कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पंजीयन में तेजी लाएं लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य : बालागुरू के.

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वामित्व अधिकार योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए पटवारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पचामा, ग्राम सारंगाखेड़ी, ग्राम तकीपुर सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वामित्वधारियों के विभिन्न उपयोगों के लिए लाभ मिलेगा।

4 जनवरी 2027 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के लिए राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न



हरदा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में बैठक की। बैठक में उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की निर्धारित समय-सारिणी की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों से पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एएसडीआर की डीवीडी भी उपलब्ध कराई गई। ब

ैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में युवा एवं अन्य पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर 2026 तक मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसी प्रकार 12 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तथा 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। जारी कार्यक्रम अनुसार 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 28 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा तथा 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

हंडिया संभाग की नहरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम वाजपेयी ने गुरूवार को हंडिया शाखा नहर की मांगरुल वितरिका, पचोला वितरिका, चौकी वितरिका एवं अतरसमा माइनर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नहरों में साफ-सफाई कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्रीमती वाजपेयी ने किसानों से संपर्क कर सिंचाई संबंधी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि रबी सिंचाई हेतु हरदा जिले के लिए 25 अक्टूबर 2026 को बांध से पानी छोड़ा जाना निर्धारित है। इसके मद्देनजर नहरों एवं वितरिकाओं में साफ-सफाई का कार्य प्राथमिकता से प्रगतिरत है, ताकि निर्धारित समय पर सिंचाई के लिए जल प्रवाह सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सके। कार्यपालन यंत्री ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा रबी सिंचाई के दौरान कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

मकान पर छापा मारकर लाखों के अवैध पटाखे जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत रन्हाई गांव में गुरुवार को राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक किराना व्यापारी के मकान पर छापा मारकर लाखों रुपए के अवैध पटाखे जब्त किए।

फिलहाल पुलिस और राजस्व अमला जब्त किए गए पटाखों की सूची तैयार करने में जुटा है, जिसके बाद ही पटाखों की कुल वास्तविक कीमत का सही आकलन हो सकेगा। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि गांव के किराना व्यापारी मनमोहन त्रिवेदी ने अपनी दुकान के ठीक सामने स्थित एक मकान को गोदाम बना रखा था। इसी गोदाम के पीछे छिपे कमरे में भारी मात्रा में पटाखों का अवैध स्टॉक रखा था। घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके में बिना किसी वैध लाइसेंस या बिल के पटाखे जमा करके रखना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा था। छापेमारी के दौरान किराना व्यापारी मनमोहन त्रिवेदी ने कहा कि उनके पास पटाखा बिक्री का लाइसेंस था, जिसे वे रिन्यू कराने की प्रक्रिया में थे और यह पूरा माल पिछले साल का बचा हुआ स्टॉक है। हालांकि वैध दस्तावेज पेश न कर पाने के कारण पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

वोट चोरी करने वाले ज्ञानेश कुमार का जलाया रावण रूपी पुतला

सीहोर। विजयादशमी के अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण दहन की तर्ज पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार का रावण रूपी पुतला दहन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित चंदा चोरी तथा वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताया और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड एवं राजनीतिक चंदे से जुड़े मामलों और चुनावी अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना आवश्यक है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा कथित भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

सलकनपुर से चोरी हुई बोलेरो का रेहटी पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

रेहटी। सलकनपुर में टैक्सी स्टैंड के पास से चोरी हुई बोलेरो के मामले में रेहटी पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 लाख रुपये कीमत की चोरी गई बोलेरो बरामद कर विधिवत जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागीरथ पिता कन्हैयालाल कीर उम्र 32 वर्ष निवासी नयापुरा, थाना सतलापुर, जिला रायसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जितेन्द्र पिता दिलीप सिंह राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी दीपाखेड़ी, थाना बरेली, जिला रायसेन ने 16 अक्टूबर 2026 को थाना रेहटी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 13 और 14 अक्टूबर की दरमियानी रात सलकनपुर स्थित टैक्सी स्टैंड के पास से अज्ञात चोर उसकी बोलेरो गाड़ी चोरी कर ले गया। शिकायत पर रेहटी पुलिस ने अपराध क्रमांक 583/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना नो पुलिस टीम गठित की ।

श्यामपुर में शासकीय कॉलेज की मांग को लेकर एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ रहा दूसरे क्षेत्रों में, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्यामपुर में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में जल्द से जल्द शासकीय कॉलेज खोलने की मांग की गई। तहसीलदार ने मांग को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार चुनाव के समय श्यामपुर में शासकीय कॉलेज खोलने के वादे करती है, लेकिन चुनाव के बाद इन वादों पर अमल नहीं किया जाता। श्यामपुर में शासकीय कॉलेज नहीं होने के कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को समय और संसाधनों से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा युवाओं का अधिकार है और श्यामपुर के विद्यार्थियों को भी अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलनी चाहिए। क्षेत्र में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना होने से विद्यार्थियों को काफी राहत मिलेगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन द्वारा जल्द ही कॉलेज की स्थापना के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो एनएसयूआई आगामी दिनों में और व्यापक आंदोलन करेगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम गोपाल मुकाती, नरवदा प्रसाद, प्रहलाद सिंह, यशवंत सिंह एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा एनएसयूआई श्यामपुर के कार्यकर्ता इरफान खान, साहिल गुफरान, जीशान, विवेक सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रसंघ चुनाव : अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा भी बीता, उम्मीद कम

सीहोर। सीहोर सहित प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को इस सत्र में भी निराशा हाथ लग सकती है। सरकार ने इस साल चुनाव कराने का दावा किया था और उच्च शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरू की थी, लेकिन सितंबर में प्रस्तावित चुनाव अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक भी नहीं हो सके हैं।

अब मौजूदा शैक्षणिक सत्र में चुनाव होने की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार परीक्षाओं का हवाला देकर चुनाव टाल रही है। प्रदेश में 2017 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर का कहना है कि पहले भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे।

चुनाव नहीं होने से छात्र संगठनों में नाराजगी है। एनएसयूआई और एबीवीपी भी छात्रसंघ चुनाव कराने के पक्ष में हैं। छात्र संगठनों का कहना है कि लंबे समय से चुनाव नहीं होने के कारण कॉलेजों में छात्र नेतृत्व और विद्यार्थियों की समस्याओं को उठाने वाला निर्वाचित प्रतिनिधित्व कमजोर पड़ा है। छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया तय करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने छह सदस्यीय समिति गठित की थी। इसमें तीन विश्वविद्यालयों के कुलगुरु सहित उच्च शिक्षा संस्थानों के अधिकारी और कॉलेज प्राचार्य शामिल किए गए थे। समिति को चुनाव का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े तक चुनाव कार्यक्रम को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया है। ऐसे में इस सत्र में चुनाव कराने की घोषणा पर सवाल उठने लगे हैं। सीहोर जिले में 3 विश्वविद्यालय सहित 14 सरकारी और 45 से अधिक निजी कॉलेज हैं। छात्र संघ चुनाव न होने के कारण इन कॉलेजों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया।